तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 9 मार्च 2026


11 समाज के विकास और उत्थान के लिए शिक्षित ...


12 महिला दिवस पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान



## खबर संक्षेप



### महिलाओं ने नगाड़े की थाप पर गाए फाग गीत

**बंगोली।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर वर्तमान समय मे महिलाओं की भागीदारी पुरुषों से कोई कम नहीं है। नारी शक्ति मानव जगत मे प्रथम स्थान पर है। इसी कड़ी में भारतीय संस्कृति पारंपरिक होली त्योहार पर नंदनी यादव, प्रमिला कंडरा, गीता वर्मा सहित माताओं बहनों ने नगाड़ा बजाकर फाग गीत के साथ होली त्योहार मनाई ।

### यूजीसी एक्ट के विरोध में सवर्ण समाज का मौन प्रदर्शन



**खरोरा।** अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद जन सामान्य मंच एवं सवर्ण समाज के प्रमुखों के नेतृत्व में रविवार को खरोरा के तिगड्डा चौक में यूजीसी एक्ट के विरोध में मौन सांकेतिक धरना-प्रदर्शन किया गया। इस दौरान ब्राह्मण, कायस्थ, क्षत्रिय, वैश्य, सिंधी, पंजाबी, गुजराती-मारवाड़ी सहित विभिन्न समाजों के पदाधिकारी, सदस्य, महिलाएं, युवा एवं बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रदर्शन सुबह 9 बजे शुरू हुआ, जिसमें सभी लोगों ने अपने-अपने समाज संगठनों के बैनर के साथ काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण तरीके से विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि सवर्ण समाज के अस्तित्व, हित, अधिकारों और महिला सम्मान की रक्षा के लिए यह सांकेतिक मौन धरना आयोजित किया गया है। धरना-प्रदर्शन में मथुरेश शर्मा, राजेश पांडेय, रमेश शर्मा, नरेंद्र ठाकुर, रिंटू छाबड़ा, सचिन अग्रवाल, राजकुमार ठाकुर, अंजू पांडेय, सरिता शर्मा, गुरुदीप छाबड़ा, दीपक अग्रवाल, कालू महाराज, गोपेश्वर तिवारी, सोनम तिवारी, योगेश द्विवेदी, तोरण ठाकुर सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम आज

**बलौदाबाजार।** आईआईएम रायपुर एवं डीसी एमएसएमई, भारत सरकार द्वारा 9 मार्च को उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।यह कार्यक्रम जिला पंचायत सभागार में अपरान्ह 12 बजे से प्रारम्भ होगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं, एमएसएमई उद्यमियों, स्वयं सहायता समूहों तथा संभावित उद्यमियों में उद्यमिता के प्रति जागरूकता विकसित करना तथा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध व्यावसायिक अवसरों से अवगत कराना है।कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभागियों को उद्यमिता की अवधारणा, उद्यमशील मानसिकता का विकास, जिला-विशिष्ट व्यावसायिक अवसरों की पहचान, एमएसएमई योजनाओं एवं वित्तीय सहायता से संबंधित जानकारी, संस्थागत सहयोग एवं ऋण सुविधाओं के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ औद्योगिक नीति एवं नवीन स्टार्टअप नीति से संबंधित प्रावधानों की जानकारी तथा विशेषज्ञों एवं सफल उद्यमियों के साथ संवाद का अवसर भी उपलब्ध कराया जाएगा। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने जिले के युवाओं, उद्यमियों, स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों एवं व्यवसाय प्रारंभ करने के इच्छुक नागरिकों से इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि ऐसे कार्यक्रम स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा युवाओं को उद्यम स्थापना के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी पंजीकरण कर सकते है।

# गैस सिलेंडर की कीमत बढ़ने पर कांग्रेस बिफरी, किया प्रदर्शन और पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

बढ़ती महंगाई तथा घरेलू और कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में लगातार हो रही वृद्धि के विरोध में रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और पुतला दहन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार की आर्थिक नीतियों के कारण देश की आम जनता महंगाई से बुरी तरह प्रभावित हो रही है।

घरेलू और व्यावसायिक गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों से गरीब, मध्यम वर्ग, मजदूर, किसान तथा छोटे व्यापारियों की आर्थिक स्थिति पर गंभीर असर पड़ रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार आम जनता की समस्याओं से ध्यान हटाकर बड़े उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने में लगी हुई है। कांग्रेस नेताओं ने दुर्ग जिले में बड़े पैमाने पर सामने आए अफीम खेती के मामले को भी गंभीर बताते हुए कहा कि इसमें भाजपा से जुड़े व्यक्ति का नाम सामने आना चिंताजनक है। कांग्रेस पदाधिकारियों ने पूरे मामले की निष्पक्ष एवं व्यापक जांच कराने की मांग की। उनका कहना है कि यदि जांच एजेंसियां प्रदेशभर में निष्पक्षता से जांच करेंगी तो कई नेताओं के अवैध कारोबार की सच्चाई भी सामने आएगी।

## महंगाई से आम जनता बेहाल: कांग्रेस



### दाम वापस न लेने पर दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार से मांग की कि बढ़ती महंगाई पर तत्काल नियंत्रण किया जाए और घरेलू व कमर्शियल गैस सिलेंडर की बढ़ी हुई कीमतें वापस ली जाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि आम जनता को राहत नहीं मिली तो कांग्रेस पार्टी भविष्य में और उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। प्रदर्शन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे, कसडोल विधायक संदीप साहू, कृषक कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, पाठ्यपुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष प्रवीण सेन, ग्रामीण अध्यक्ष दीपक साहू, पलारी नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष गौरी भृगु, जनपद सदस्य आर्यन शुक्ला, संतोष तिवारी, सुभाष राव, नीरज बांधे, जीतेन्द्र नवरत्न, समीर अग्रवाल, पिंटू वर्मा, नेता प्रतिपक्ष सलमान शेख, एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष सूर्यकांत वर्मा, रविंद्र नामदेव, ▶▶ शेष पेज 11 पर

**आयोजन :** समूह की महिलाएं, जल संचय वाहिनी, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता एवं खेल प्रतिभाओं का किया गया सम्मान

# महिलाओं के सम्मान और उत्थान के लिए भाजपा सरकार प्रतिबद्ध : टंकराम वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

■ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर वृहद महिला सम्मेलन का आयोजन

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को जिला ऑडिटोरियम बलौदाबाजार में वृहद महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा सहित विशिष्ट अतिथियों के द्वारा भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर सम्मलेन का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर लखपति दीदी, स्वच्छता दीदी, खेल प्रतिभाओं, जल संचय वाहिनी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं का सम्मान किया गया। इसके साथ ही राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत समूह की महिलाओं को ऋण राशि का चेक, छत्तीसगढ़ महिला कोष अंतर्गत 13 महिलाओं को चेक वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य में जगदलपुर में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम के जीवंत प्रसारण को देखा गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री साय ने महतारी वंदन योजना की 25 वीं किश्त की राशि बैंक खातों में अंतरित किया। राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनायें देते हुए कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है, उनकी उपलब्धियों से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गौरव हासिल हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार महिलाओं के सम्मान और उनके उत्थान के लिये वचनबद्ध है। अभी महिलाओं ने बताया कि सरकारी योजना का ▶▶ शेष पेज 11 पर

## महतारी वंदना योजना की 25 वीं किस्त की राशि का अंतरण



### ये रहे शामिल

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन साहू, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, जनपद उपाध्यक्ष सुमन वर्मा, डीएफओ गणवीर धम्मशील, सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी- कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नारीशक्ति उपस्थित थे।



### महिलाएं तकनीकी एवं राजनीति के क्षेत्र में भी परचम लहरा रही

जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल ने कहा कि आज की महिलाएं गृहस्थी संभालने के साथ ही प्रशासनिक, तकनीकी एवं राजनीति के क्षेत्र में भी परचम लहरा रही हैं। महिला दिवस केवल महिलाओं के सम्मान तक ही सीमित नहीं हैं बल्कि मजबूत और सशक्त नारी की पहचान भी हैं। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने कहा कि जिला प्रशासन महिला सशक्तिकरण के लिये हमेशा प्रयासरत हैं। जिले में महतारी वंदन योजना से 3 लाख 30 हजार महिलाएं लाभान्वित हो रही हैं। 25 वीं किश्त की राशि 30 करोड़ आज उनके खाते में राज्य शासन द्वारा अंतरित किया गया है। कार्यक्रम को नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने भी संबोधित किया।कार्यक्रम के दौरान योजनाओं का लाभ लेकर जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाली मेहनतकश महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किये। इनमे हेमलता वर्मा, रखी ध्रुव, सुनीता कर्माकर शामिल हैं।

# खटिया पाटी मे खूनी संघर्ष के बाद फरार 6 आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

सिटी कोतवाली पुलिस ने ग्राम खटियापाटी में हुए खूनी संघर्ष के मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने हत्या की नीयत से मारपीट करने वाले 6 फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। ये आरोपी पिछले साल अक्टूबर से फरार चल रहे थे, जिन्हें पुलिस ने घेराबंदी कर दबोच लिया है। मिली जानकारी के अनुसार, प्रार्थी अजय ध्रुव (निवासी ग्राम खटियापाटी) ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 17 अक्टूबर 2025 की शाम करीब 7:30 बजे आरोपियों ने पुरानी रंजिश के चलते पंचायत ▶▶ शेष पेज 11 पर

### पुलिस की दबिश और गिरफ्तारी

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कड़े निर्देशानुसार, थाना सिटी कोतवाली प्रभारी की टीम ने आरोपियों के संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी। मुखबिर की सूचना और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर पुलिस ने 6 आरोपियों को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपियों ने पुराने विवाद और रंजिश के कारण जानलेवा हमला करना स्वीकार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम विकास जोशी (24 वर्ष) - पुरानी बस्ती, बलौदाबाजार, तेंदूका उर्फ लकी बंजारे (19 वर्ष) - पुरानी बस्ती, बलौदाबाजार, गोपी बघेल (23 वर्ष) - ग्राम जुड़ा, थाना लवन, दीप कुर्रे (19 वर्ष) - पुरानी बस्ती, बलौदाबाजार, आर्यन उर्फ पार्मेंद्र बंजारे (19 वर्ष) - पुरानी बस्ती, बलौदाबाजार, राहुल चेलक (36 वर्ष) - ग्राम घुलघुल, थाना लवन।

# नशे में धुत क्रूजर चालक ने दो वाहनों को मारी टक्कर, एक की मौत, तीन गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी



रविवार को पलारी थाना के 2-3 किमी के दायरे में पलारी से रोहासी मार्ग पर एक तेज रफ्तार क्रूजर वाहन के नशे में धुत चालक ने एक के बाद एक दो दोपहिया वाहनों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो युवतियों व एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों में तीनो भाई है जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस ▶▶ शेष पेज 11 पर

### आरोपी चालक गिरफ्तार वाहन जब्त

शराब के धुत में था ड्राइवर बताया जा रहा है कि इसके बाद क्रूजर वाहन ने दूसरी स्कूटी को भी टक्कर मार दी, जिसमें तीन भाई-बहन सवार थे। टक्कर से तीनों सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलारी पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल बलौदाबाजार रेफर किया गया।

# विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका मिशन के तहत श्रमिकों को मिली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



जिले के सभी विकासखंड के ग्राम पंचायतों में पंजीकृत श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराते हुए कार्यक्षेत्र पर रोजगार दिवस का आयोजन शनिवार को किया गया इसके साथ ही विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण अधिनियम 2025 के प्रावधानों, लाभों और क्रियान्वयन के तरीकों के बारे में बताया गया। जिले में महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत कुल 7240 कार्य संचालित है जिसमें 25067 श्रमिक नियोजित है। नया कानून ग्रामीण रोजगार और आजीविका को बढ़ावा देने के लिए लाया गया है, जो मनरेगा की जगह लेगा और इसमें 100 दिन की बजाय 125 दिन का गारंटी रोजगार प्रदान किया जाना शामिल है। योजना में कार्यों की पारदर्शिता एवं जवाबदेही के लिए डिजिटलाइजेशन एवं टेक्नोलॉजी ▶▶ शेष पेज 11 पर

**बिहान की कृषि मित्रों ने शुरू की मशरूम उत्पादन की मुहिम**

# मशरूम उत्पादन से 40 गांवों की महिलाओं को मिलेगा रोजगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैंसा

छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' के अंतर्गत आशा क्लस्टर संगठन चंद्रखुरी की कृषि मित्रों ने स्वरोजगार और पोषण की दिशा में एक बड़ी पहल की है। ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से क्षेत्र के 40 गांवों में चरणबद्ध तरीके से मशरूम उत्पादन की गतिविधि शुरू की गई है। मशरूम उत्पादन की तकनीक ग्रामीण परिवेश के लिए अत्यंत अनुकूल और किफायती है। इसमें कम संसाधनों और कम समय में अच्छा उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को घर बैठे रोजगार का अवसर प्रदान करना है, जिससे वे अपने परिवार की आय में स्थायी रूप से योगदान दे सकें।





### आर्थिक सशक्तिकरण के साथ बेहतर स्वास्थ्य

इस कार्यक्रम के माध्यम से न केवल महिलाओं की आर्थिक स्थिति सुधरेगी, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में पौष्टिक भोजन के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी। मशरूम प्रोटीन और विटामिन का एक समृद्ध स्रोत है, जो पोषण स्तर को सुधारने में मददगार साबित होगा। क्षेत्र की महिलाओं में इस गतिविधि को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है।

### इनका रहा विशेष सहयोग

यह पूरी योजना बीपीएम रामरतन टेंगवार के मार्गदर्शन में संचालित की जा रही है। इस अभिनव पहल को सफल बनाने में प्रदान संस्था के सुरेंद्र बर्मन और आशा क्लस्टर संगठन चंद्रखुरी की अध्यक्ष चंद्रकली वर्मा का विशेष सहयोग मिल रहा है। उनके संयुक्त प्रयासों से ग्रामीण महिलाएं अब आत्मनिर्भरता की नई इबारत लिख रही हैं।

# धान में कंकड़-मिट्टी की मिलावट दो केंद्रों के प्रभारियों को नोटिस

**बलौदाबाजार/भाटापारा।** सिमगा विकासखंड अंतर्गत उपार्जन केन्द्र कामता एवं विकासखंड भाटापारा अंतर्गत उपार्जन केन्द्र निपानिया में उपार्जित धान में कंकड़, मिट्टी मिलाए जाने से सम्बधित वीडियो का जिला प्रशासन द्वारा संज्ञान में लेकर कार्यवाही शुरू कर दिया गया है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार जांच टीम गठित कर दी गई है। जांच में दोषी पाए जाने पर सबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त सहकारिता उमेश गुप्ता ने बताया कि जांच टीम रविवार को उपार्जन केन्द्र निपानिया और कामता जांच के लिए पहुंची है। टीम द्वारा जांच उपरांत रिपोर्ट के अनुसार जो भी दोषी होंगे उन्हें बक्शा नहीं जाएगा। नियमों के उल्लंघन पर जिला प्रशासन सख्त है और लारपरवाही बरतने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया की दोनों उपार्जन केन्द्र प्रभारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर इस पर स्पष्टीकरण मांगा गया है।



**कार्यक्रम :** महिला दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली 100 महिलाओं को किया गया सम्मानित

# आज हर क्षेत्र में महिलाओं की सहभागिता बढ़ रही है : विधायक योगेश्वर सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद





अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आज महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा "हम हैं शक्ति, हम हैं नारी" थीम पर स्थानीय शंकराचार्य भवन में महिला दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा उपस्थित रहे। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष दिशा दीवान, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, जनपद सदस्य विजय लक्ष्मी जांगड़े, पार्षद पीयूष साहू, चंद्रशेखर बेलदार, ईश्वरी भोई, रमेश साहू, संदीप घोष, साजन यादव, धर्मेन्द्र महोबिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि पूरे विश्व में भारत को माता का दर्जा दिया गया है और देश में छत्तीसगढ़ को महतारी कहा जाता है। यह गर्व की बात है कि सन 1955 में छत्तीसगढ़ से मिनीमाता लोकसभा की पहली महिला सदस्य बनीं। आज वर्तमान सांसद रूपकुमारी चौधरी भी महिला है और राज्य सभा में लक्ष्मी वर्मा जाने वाली है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भी महिलाओं की भागीदारी निरंतर बढ़ रही है। पंचायतों में 50 प्रतिशत महिलाएं नेतृत्व कर रही हैं और महासमुंद जनपद में 25 में से 19 सीटों पर महिलाएं निर्वाचित हुई हैं। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं लखपति दीदी बनकर आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं और हर क्षेत्र में अपना योगदान दे रही हैं। उन्होंने बेटियों की शिक्षा पर विशेष बल देते हुए रानी दुर्गावती योजना का उल्लेख किया, जिसके तहत बेटी के 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर 1 लाख 50 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

कार्यक्रम में कृषि, पशुपालन, शिक्षा, पंचायत, वन, स्वास्थ्य तथा पुलिस विभाग सहित विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 100 से अधिक महिला अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी टीकवेंद्र जटवार, परियोजना अधिकारी शैल नाविक, पर्यवेक्षक अपर्णा श्रीवास्तव, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान बस्तर में आयोजित मुख्यमंत्री महतारी वंदन वृहद सम्मेलन का सीधा प्रसारण भी उपस्थित लोगों द्वारा सुना गया।

### महिलाओं के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित

कलेक्टर विनय लंगेह ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है। महिलाओं को एक ही छत के नीचे सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए शासन प्रतिबद्ध है। जनपद सदस्य विजयलक्ष्मी जांगड़े ने कहा कि महिलाएं समाज की वास्तविक शक्ति हैं। वे मां, बहन और पत्नी के साथ-साथ समाज के प्रति भी अपने दायित्वों का निर्वहन करती हैं। उन्होंने महिलाओं से अपने सपनों को जीवित रखने और संघर्ष से पीछे न हटने का आह्वान किया। इस अवसर पर डॉ. अभिलाषा ने महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि एनीमिया, बुखार जैसी समस्याओं को हल्के में न लें और सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए वैक्सीन अवश्य लगवाएं। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ मां ही स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकती है।

### महिलाएं हो रहीं आत्मनिर्भर

जनपद पंचायत अध्यक्ष दिशा दीवान ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं। आजीविका मिशन के माध्यम से लाखों महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं और कई महिलाएं लखपति दीदी बनकर नई पहचान बना रही हैं।

नगरपालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने कहा कि राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से महिलाएं सशक्त हो रही हैं। सक्षम योजना के माध्यम से महिलाओं को ऋण की सुविधा मिल रही है तथा जिले में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के पहल से महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए नर्सिंग कॉलेज भी खोला जाएगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं के हाथों में कला और हुनर है, जिसे पहचानकर आगे बढ़ाना चाहिए।

## लोहारडीह में मची महिला दिवस की धूम



**महासमुंद।** महिला उत्थान एवं हित में सक्रिय उड़ान समाजसेवी संस्था द्वारा संस्था की संस्थापिका डॉ अनिता जी रावटे के मार्गदर्शन में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ ग्राम लोहारडीह में मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि, समाज सेवी डॉ. एकता लंगेह ने अपने उद्बोधन में महिलाओ को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि महिला की तरक्की से पूरा परिवार भी आगे बढ़ता है। उसके लिए महिलाओं को स्वयं होकर आगे आना होगा। मजबूत बनना होगा तभी परिवर्तन संभव है। डॉ एकता लंगेह ने महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रभावशाली तरीके से उनका मार्गदर्शन किया। प्रिया राजू योगेश्वर सिन्हा ने विशिष्ट अतिथि की आसंदी से महिलाओ का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि हम सबके सामने बहुत सारी आदर्श महिलाएं हैं, जिनके संघर्ष और समर्पण से प्रेरणा लेकर आप सब अपना अपने परिवार और गांव का विकास कर सकती है। उन्होंने उदाहरण सहित महिलाओं को आगे बढ़ने को प्रेरणा दी।

कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्ज्वलन व सरस्वती वंदना से किया गया। कार्यक्रम में लोहारडीह कलस्टर की बालिकाओं एवं महिलाओं के द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, भाषण, कविता पाठ तथा नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गई जिसका महिलाओ में आनंद लिया। कार्यक्रम में गजरा बाई, झुमरी बाई, खोमीन, उषा, उमाबाई , हेमीन, रूखमणि, लता, सुकवारू, अमारीबाई के साथ समाज में महिला उत्थान के लिए कार्य करने वाली 21 महिलाओं को सम्मानित किया गया। सभी अतिथियों ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और शिक्षा के माध्यम से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रिया सिन्हा द्वारा तीन बेटियों को, जिनका विवाह होने वाला है, शादी का जोड़ा भेंट स्वरुप दिया गया।

## महिला सम्मान सम्मेलन में पूनम पटले सम्मानित




हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 7 मार्च को शांत्री बाई महाविद्यालय में महिला शक्ति सम्मान सम्मेलन में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूनम पटले को सिविल सर्विस योगासन चैंपियनशिप में नेशनल स्तर पर खेलकर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने, भारत योगासन प्रतियोगिता में नेशनल खेलने तथा अस्मिता खेलो इंडिया में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

## महिला शक्ति के सम्मान का दिन है महिला दिवस



**महासमुंद।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समाजसेवी निधि लोकेश चंद्राकर ने कहा कि नारी केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा, परिश्रम और आत्मविश्वास के बल पर नई ऊंचाइयां हासिल कर रही हैं। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति त्याग, साहस और संस्कार का प्रतीक है। समाज की प्रगति तभी संभव है जब महिलाओं को सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर मिले। महिला दिवस हमें यह संकल्प लेने का अवसर देता है कि हम हर बेटी को शिक्षा, आत्मनिर्भरता और सम्मान का

## महिला दिवस पर लाफिन कला में विविध आयोजन

### 31 महिलाओं और खेलकूद के प्रतिभागियों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



लाफिन कला में महिला जागरुकता हेतु युवा संगठन द्वारा महिला सम्मान व होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जागेश्वर चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य, अध्यक्षता राधेश्याम साहू सरपंच, विशेष अतिथि महेंद्र साहू सभापति जनपद पंचायत महासमुंद, सुधा योगेश्वर चंद्राकर सभापति जनपद पंचायत महासमुंद रहे। इस अवसर पर महिलाओ के लिए विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। मटका फोड़ में आरती पटेल, कुर्सी दौड़ में प्रथम हेमीन पटेल, द्वितीय रेणुका साहू, तृतीय सेवती निषाद, फुगडी में प्रथम पूर्णिमा निषाद, द्वितीय सुशीला पटेल, तृतीय रेणुका साहू रहे। प्रश्न मंच में परमेश्वरी, रेणुका, केला खाओ, इनाम पाओ में हेमीन पटेल रहे। वहीं राधा-कृष्ण के वेशभूषा में बच्चों द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। सभी प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए। वहीं अलग-अलग क्षेत्रों में विशेष योगदान के लिए 31 महिलाओं व महिला समूह को श्रीफल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के आयोजन व संयोजन में ग्राम पंचायत लाफिन कला के सरपंच राधेश्याम साहू, उपसरपंच भुपेंद्र साहू, पंचगण मोहित साहू, गुंजा हरीश साहू, कुश पटेल, मंदिर समिति अध्यक्ष नेतन पटेल, पूर्व उपसरपंच कमलेश साहू, शिक्षक गोवर्धन साहू, महेंद्र पटेल, पूर्व सरपंच हेमीन पटेल, पूर्व उपसरपंच डुमन लाल साहू, अवधेश साहू का विशेष सहयोग रहा।

संचालन गोवर्धन साहू ने किया। इस अवसर पर मितानिन श्याम बाई साहू, गुलाब साहू, सक्रिय महिला, रेणुका साहू, परमेश्वरी साहू, रीतु निषाद, सविता साहू, दीपाली साहू, दया पटेल, हरिराम साहू, मंदिर के पुजारी कृष्णकुमार वैष्णव, हेमूराम साहू, डाकेश साहू, पुरानिक साहू, झलक, यशवंत साहू, गैंद पटेल सहित बड़ी संख्या में महिलाओं व ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।

## विधायक ने महिला दिवस पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित, बोले-महिलाएं राष्ट्र का गौरव

### बसना में मातृ शक्ति का संगमः विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर बढ़ाया महिलाओं का मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

- नारी शक्ति का सम्मान : बसना में विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं का किया सम्मान
- महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम में मातृ शक्तियों का हुआ अभिनंदन,विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने बच्चों का कराया अन्नप्राशन



पूरे देश के साथ बसना में भी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का पर्व हर्षोल्लास और गौरव के साथ मनाया गया। स्थानीय सर्व मांगलिक भवन में आयोजित इस गरिमामयी समारोह में क्षेत्र के विधायक डॉ. संपत अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के निर्माण में महिलाओं की अद्वितीय भूमिका को रेखांकित करना और उन्हें सम्मानित करना रहा। विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना और दीप प्रज्वलन के साथ की। इस अवसर पर उन्होंने भारतीय संस्कृति में नारी के पूजनीय स्थान का स्मरण करते हुए कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। आयोजन में बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, महिला एवं बाल विकास विभाग की अधिकारी-कर्मचारी और क्षेत्र की मातृ शक्तियां उपस्थित रहीं।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के इस विशेष अवसर पर विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने महिला एवं बाल विकास विभाग की समस्त कार्यकर्ताओं और उपस्थित मातृ शक्तियों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर आत्मीय सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें पौष्टिक आहार किट का वितरण किया, ताकि समाज में सुपोषण का संदेश प्रसारित हो सके। इसी कड़ी में एक भावुक और पवित्र क्षण तब आया जब विधायक डॉ. अग्रवाल ने नन्हे बच्चों को अपने हाथों से पहली बार खीर खिलाकर उनका 'अन्नप्राशन' संस्कारपूर्ण करवाया।

विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने कहा कि आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर इन मातृ शक्तियों का सम्मान करना मेरे लिए बड़े सौभाग्य की बात है। नारी केवल परिवार की धुरी नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के विकास का आधार स्तंभ है। एक शिक्षित और सशक्त महिला पूरे परिवार और समाज को नई दिशा देती है। उन्होंने आगे जोर देते हुए कहा कि हमारी सरकार और मेरा व्यक्तिगत प्रयास हमेशा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में रहेगा। आज महिलाएं हर क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। हमें सुनिश्चित करना होगा कि हर बेटी को शिक्षा मिले और हर महिला सुरक्षित एवं सशक्त महसूस करे। विधायक ने अपने संबोधन के अंत में कहा कि बसना विधानसभा क्षेत्र की प्रत्येक महिला के उत्थान के लिए मैं सदैव तत्पर हूँ। चाहे स्वास्थ्य की बात हो या स्वरोजगार की, हमारी मातृ शक्तियों को कभी पीछे मुड़कर देखने की जरूरत नहीं पड़ेगी। आज का यह सम्मान समारोह आपके उसी अटूट साहस और समर्पण को एक छोटा सा नमन है।

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष खुशबू अग्रवाल, बसना जनपद अध्यक्ष डिलेश्वरी मिलाप निराला, जनपद उपाध्यक्ष मोहित पटेल, बसना नगर पंचायत उपाध्यक्ष शीत गुप्ता, सभापति महिला एवं बाल विकास प्रकाश सिन्हा, बसना जनपद सभापति मधु प्रेम खूंटे, महामंत्री मंडल बसना सरोज पटेल, बसना एसडीएम हरिशंकर पैकरा, परियोजना अधिकारी राम सिंह मिरी, निज सहायक नरेंद्र बोरे, पार्षद राकेश डड़सेना, मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा मंडल बसना दीपा साहू, मंच संचालक विवेक दास सहित गणमान्यजन उपस्थित रहे।

**सम्मान**



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं को सम्मानित किया गया।

## महतारी वंदन की राशि ने दुकान खोलने में की मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- महतारी वंदन योजना बना आत्मविश्वास का पर्याय



बसना विकासखंड के ग्राम बंसुला की निवासी भोजवती साहू की जिंदगी पति के निधन के बाद मुश्किलों से भरी हो गई थी। घर की सारी जिम्मेदारियां उनके कंधों पर आ गईं, और सबसे बड़ी चिंता बच्चों के भविष्य को लेकर थी। इसी दौर में उन्हें महतारी वंदन योजना के बारे में जानकारी मिली। हर महीने मिलने वाली 1000 रुपये की सहायता उनके लिए वरदान साबित हुई। भोजवती ने इस राशि का समझदारी से उपयोग किया और एक छोटी सी किराना दुकान शुरू की। दुकान में बिस्कुट, नमकीन, साबुन, तेल जैसी रोजमर्रा की जरूरी चीजें रखीं। शुरुआत में हिचकिचाहट थी, लेकिन धीरे-धीरे ग्राहक बढ़े और आमदनी होने लगी। आज यह दुकान न केवल परिवार की आर्थिक जरूरतें पूरी कर रही है, बल्कि दोनों बच्चों को अच्छे स्कूल में पढ़ाई का अवसर भी दे रही है। भोजवती कहती हैं, जब मेरे बच्चे पढ़ते हैं और मुस्कुराते हैं, तो लगता है जैसे मेरे पति की आत्मा भी खुश हो रही होगी। मैंने हार नहीं मानी, और आज खुद पर गर्व महसूस करती हूं। यह सिर्फ 1000 रुपये नहीं, मेरी उम्मीद, ताकत और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य का आधार था।



**सरायपाली।** शुभा नर्सिंग होम एवं शुभा सेवा संस्थान द्वारा आयोजित ₹अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस₹ के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरला कोसरिया सम्मिलित हुई। इस अवसर पर सरला कोसरिया ने कहा कि हर क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित करने एवं आप दोनों डॉ.भागेश्वर पटेल एवं डॉ. सुजाता पटेल के द्वारा लगातार सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रशंसा करती हूं।

## संकुल केंद्र देवरी में प्राचार्य एवं समन्वयक के मार्गदर्शन में समीक्षा बैठक



**बागबाहरा।** संकुल प्राचार्य डोमन सिंह टंडन एवं संकुल समन्वयक देवरी मनोज चक्रधारी के मार्गदर्शन में संकुल स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित किया गया जिसमें संकुल के समस्त संस्था प्रमुख उपस्थित हुए। संकुल समन्वयक मनोज चक्रधारी द्वारा सभी स्कूलों से वन टू वन चर्चा किया गया। छात्रवृत्ति में लंबित शालाओं को शीघ्र पूर्ण करने निर्देशित किया गया। वार्षिक परीक्षा की तैयारी की समीक्षा की गई। नामिनल रोल हेतु जन्मतिथि आदि को दाखिला रजिस्टर से मिलान किया गया। एमबीयू पेंडिंग शालाओं में आगामी दिवस के शिविर में बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने निर्देशित किया गया। जाति प्रमाण पत्र एवं अपार आई डी हेतु शिक्षकों को निर्देशित किया गया। इसी तरह अंत में डोमन सिंह टंडन संकुल प्राचार्य द्वारा विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। बैठक में मुख्य रूप से बलराम चंद्राकर, मीनालाल साहू, हुमेलाल साहू, दीपक साहू, भागवत टंडन, कंचन जांगड़े, भावसिंह ध्रुव, बेदबाई ठाकुर उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### अछोला सोसायटी के सहायक प्रभारी के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम अछोला सोसायटी के सहायक समिति प्रभारी के साथ मारपीट के मामले में तुमगांव थाने में तीन लोगों के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को रेवाराम साहू निवासी गढ़सिवनी ने बताया कि वह अछोला सोसायटी का सहायक समिति प्रभारी है। 06 मार्च को वह ड्यूटी पर था। शाम करीब 7 बजे वह जोबा चौक में गुड़ाखू लेने के लिये गया था, जहां पर उसके साथ जोबा के दद्दू ध्रुवंशी, लक्की ठाकुर पिता अशोक ठाकुर, टिकेश्वर ध्रुव एक राय होकर गाली गलौज करने लगे। इसके बाद वह वहां से अपनी ड्यूटी पर जोबा सोसायटी कार्यालय आ गया, कुछ देर बाद तीनों आरोपी सोसायटी कार्यालय के अंदर घुसे और पीने खाने के लिये पैसा दो कहा। जब उसने मना किया तब आरोपियों ने गाली गलौज कर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे।

### आंबा कार्यकर्ता और सहायिका भर्ती के लिए आवेदन 20 मार्च तक

**धमतरी।** एकीकृत बाल विकास परियोजना कुरूद के तहत नगर पंचायत कुरूद के वार्ड क्रमांक 15 वंदेमातरम्-वार्ड स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक-16 में कार्यकर्ता और मरौद सेक्टर के ग्राम पंचायत भाठागांव स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक-01 में सहायिका के रिक्त पद पर भर्ती के लिए 20 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया है। परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना कुरूद ने बताया कि संबंधित वार्ड अथवा ग्राम की निवासी महिला इन पदों पर भर्ती के लिए आवेदन कर सकती हैं।

### हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहीं महिलाएं : पूजा

**धमतरी।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर युवा मोर्चा जिला कन्या शक्ति की संयोजिका पूजा यादव ने कहा कि महिलाएं समाज की रीढ़ हैं और उनकी शक्ति, साहस व समर्पण समाज को नई दिशा दे रहा है। आज महिलाएं शिक्षा, स्वास्थ्य, राजनीति, तकनीक और सामाजिक क्षेत्र सहित हर क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर देश और प्रदेश का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में महिलाएं स्व-सहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त बन रही हैं। लखपति दीदी योजना और महतारी वंदन योजना जैसी योजनाएं भी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

### खपरी को मिली विकास की सौगात

**धमतरी।** जनपद पंचायत धमतरी क्षेत्र क्रमांक 14 अंतर्गत ग्राम खपरी में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए 39 लाख रुपये के चार महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों को स्वीकृति मिली है। जनपद पंचायत के सभापति अग्रवाल (अमन) साहू ने बताया कि इन कार्यों से गांव में आधारभूत ढांचे को मजबूत करने और ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। गांधी चौक के समीप 1500 वर्गफीट क्षेत्र में 10 लाख रुपये की लागत से कांक्रीटीकरण कर चौक का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। द्वारिका साहू के घर से सुरेंद्र साहू के खेत की ओर 12 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड का निर्माण होगा।

**कार्यक्रम : धोबी समाज तरेंगाराज के पुनः अध्यक्ष बने त्रिलोचन और सचिव नारायण**

# समाज के विकास और उत्थान के लिए शिक्षित व संगठित होना जरूरी : रजक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी




झेरिया धोबी समाज तरेंगा राज का दो दिवसीय वार्षिक महाधिवेशन 07और 08 मार्च को भाटापारा विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत सिंगारपुर मावली में समाज के श्रीराम जानकी मंदिर प्रांगण में संपन्न हुआ। दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन में समाज के होनहार छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया।

वही 3 वर्ष के लिए तरेंगा राज के पदाधिकारियों का मनोयन किया गया जिसमें पूर्व पदाधिकारियो को ही दायित्व दिया गया। जिसमे संरक्षक शंकर लाल रजक सलाहकार हरिप्रसाद निर्मलकर गिरधारी लाल अध्यक्ष त्रिलोचन रजक सचिव नारायण निर्मलकर कोषाध्यक्ष ईश्वर प्रसाद रजक उपाध्यक्ष लाला राम रजक परशुराम उप कोषाध्यक्ष प्यारेलाल रजक को बनाया गया गया।

अधिवेशन में मारो मल्हार मुंगेली पथरिया एवं लवन राज के पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन गन्नू लाल रजक के द्वारा किया गया। सिंगारपुर मावली में समाज के श्रीराम जानकी मंदिर प्रांगण में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाटापारा नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा थे।अध्यक्षता बलौदाबाजार जिला अध्यक्ष श्रीराम रजक ने की। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सभापति राजा जायसवाल मुंगेली जिला अध्यक्ष दिलीप रजक, दिनेश निर्मलकर, धनेश्वर निर्मलकर, बालकुमार रजक, भागीराम निर्मलकर, जनीराम निर्मलकर, चोवाराम निर्मलकर, मोहरसिंह निर्मलकर थे।

#### मेधावी छात्र सम्मानित

वार्षिक अधिवेशन का शुभारंभ समस्त अतिथियों के द्वारा संत गाडगे महाराज एवं राम जानकी की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर विधिवत पूजा अर्चना कर किया गया। मुख्य अतिथि अश्वनी शर्मा सामाजिक लोगों की भीड़ देखकर गदगद होकर कहा कि धोबी समाज भी अब अन्य समाज की तरह संगठित है। जिसका जीता जागता उदाहरण इस बैठक में देखने को मिला। उन्होंने समाज के लोगों को नशा से दूर रहने और युवाओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़कर समाज का नाम रोशन करने की बात कही। जिला अध्यक्ष श्रीराम रजक ने पूर्व पदाधिकारियो को 03 वर्ष के लिए पुनः दायित्व मिलने पर गुलाल लगाकर स्वागत किया और कहा कि समाज के विकास और उत्थान के लिए शिक्षित और संगठित होना जरूरी है। समाज के होनहार छात्र-छात्राओं फानेश्वरी रजक कक्षा दसवीं, सुमन रजक कक्षा दसवीं, प्रज्ञा रजक कक्षा दसवीं, संजता रजक कक्षा 12वीं, मुस्कान रजक कक्षा दसवीं, चित्ररेखा रजक कक्षा दसवीं, अंजू रजक कक्षा 12वीं, एवं वेदप्रकाश रजक कक्षा 12वीं को प्रशस्ति पत्र एवं नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। वार्षिक अधिवेशन में मनोज निर्मलकर, सोमप्रकाश रजक, कमल निर्मलकर, फागूराम, कमल रजक, मन्नू लाल रजक, जयराम रजक, मुन्ना रजक, हरिराम, लोभान रजक, मोहित रजक, वासुदेव रजक, प्रफुल्ल रजक, सूरज निर्मलकर, लोकेश निर्मलकर, दाऊलाल रजक सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

### 5 दिवसीय रामायण महोत्सव से भक्तिमय हुआ वातावरण



**खरोरा।** ग्राम भरुवाडीह कला में श्री राम मानस मंडली, जानवी मानस परिवार तथा समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से पंच दिवसीय रामायण का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन में गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन शामिल होकर भक्ति भाव के साथ राम कथा का श्रवण कर रहे हैं। दूर-दूर के गांवों से आई रामायण टोलियों द्वारा प्रस्तुत राम कथा से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा है और ग्रामवासी अत्यंत उत्साह एवं श्रद्धा के साथ इस आयोजन में सहभागी बन रहे हैं।आयोजन समिति के सदस्य योगेश निषाद, भगत निषाद, हीरा सिंह वर्मा, नारायण साहू, जागेश्वरी निषाद, रमेश निषाद आदि ने संयुक्त रूप से बताया कि राम कथा प्रस्तुत करने के लिए पधारे सभी रामायण टोलियों को शाल, श्रीफल तथा 701 रुपये की राशि प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान की जा रही है। साथ ही इस अवसर पर सभी श्रद्धालुजनों के लिए भोजन आदि की समुचित व्यवस्था भी की गई है, जिससे दूर-दूर से आए भक्तगण प्रसाद ग्रहण कर सकें। शिक्षक धीरेन्द्र कुमार वर्मा एवं राम जी निषाद ने बताया कि ग्राम भरुवाडीह कला में राम कथा का आयोजन प्रत्येक वर्ष श्रद्धा और परंपरा के साथ किया जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि इन्हीं तिथियों में समीपस्थ ग्राम कठिया, कुम्हारी और पंचदेवरी में भी राम कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिससे पूरे क्षेत्र में धार्मिक वातावरण बना हुआ है। इस आयोजन में ग्राम की सरपंच चित्ररेखा सेतकुमार बंजारे सहित ग्राम के सभी गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालुजन सक्रिय रूप से सहयोग प्रदान कर रहे हैं, जिससे कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो रहा है।

## फर्शी फैक्ट्री में पेट्रोल-डीजल का भंडारण, सात पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम घोड़ारी के एक फर्शी फैक्ट्री से सिटी कोतवाली पुलिस ने बड़ी मात्रा में अवैध रूप से भंडार कर रखे गए पेट्रोल-डीजल को बरामद किया है। मामले सात लोगों के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की गई।

पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम घोड़ारी के बालाजी फर्शी फैक्ट्री के अंदर राहुल यादव नाम के व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से भारी मात्रा में ज्वलनशील पदार्थ डीजल/पेट्रोल को बिना सुरक्षा प्रबंध के रखा गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कुल 37580 लीटर डीजल कीमत 35, 14, 481.60 रुपए एवं कुल 10, 120 लीटर पेट्रोल कीमत 10, 07648.40 रुपए, कुल डीजल/पेट्रोल 47, 700 लीटर कुल कीमत 45, 22, 130 रुपए को बरामद किया।

■ घोड़ारी के फर्शी फैक्ट्री में पेट्रोल-डीजल के अवैध भंडारण पर सिटी कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई




मामले में आरोपी राहुल यादव पिता श्यामबली (27 साल) नक्टा मंदिर हसौद थाना मंदिर हसौद जिला रायपुर, ओमप्रकाश उर्फ कालिया पिता स्व महेशो (38 साल) उरला स्वाद चौक बेंद्री रोड रायपुर, उमेश साहू पिता स्व लखन साहू (56 साल) दुर्गा नगर बिरगांव थाना उरला जिला रायपुर, सुशंक च्वाईसी पिता इंद्रमण च्वाईसी (31 साल) छोनोगिर थाना जानकीया जिला खोरदा ओडिशा, शिवानंद पिता जयनाथ चौबे (27 साल) निवासी नवागांव थाना मंदिर हसौद जिला रायपुर, बिट्टू कुमार सिंह पिता जितेंद्र कुमार सिंह (32 साल) बालाजी कॉलोनी मंदिर हसौद थाना मंदिर हसौद जिला रायपुर, महेश यादव पिता अमृत लाल यादव (40 साल) हिरामनपुर पोआ प्रतापपुर थाना सरांगूम मरेज जिला प्रयागराज उत्तरप्रदेश हाल निवास गुजरा फाटक थाना मंदिर हसौद जिला रायपुर के खिलाफ धारा 287 बीएनएस आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3, (7) के तहत अपराध दर्ज किया गया।

## अफीम की खेती को लेकर कांग्रेस ने गृहमंत्री से मांगा इस्तीफा, निष्पक्ष जांच की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

**मादक पदार्थों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो, दोषियों को कड़ी सजा मिले**



दुर्ग जिले के ग्राम समोदा में बड़े पैमाने पर अफीम की खेती मिलने के मामले को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला है।

जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार को संरक्षण मिल रहा है और इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जानी चाहिए। साथ ही उन्होंने प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा से नैतिक आधार पर इस्तीफा देने की मांग भी की। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे ने कहा कि हाल ही में मीडिया रिपोर्ट्स में दुर्ग जिले के ग्राम समोदा में बड़े पैमाने पर अफीम की खेती का मामला सामने आया है, जिसमें भाजपा से जुड़े व्यक्ति का नाम सामने आने से कई गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

उन्होंने कहा कि यदि पिछले तीन-चार वर्षों से इस प्रकार की अवैध खेती हो रही थी तो प्रशासन और सरकार की जानकारी में यह बात क्यों नहीं आई। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार की निष्क्रियता के कारण युवाओं को नशे की ओर धकेला जा रहा है। पूर्व अध्यक्ष पाठ्यपुस्तक निगम शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा कि विभिन्न मीडिया रिपोर्ट्स में यह मामला लगातार सुर्खियों में है और इससे प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह लग गया है। उन्होंने कहा कि यदि जांच एजेंसियां पूरे प्रदेश में निष्पक्षता से जांच करें तो कई नेताओं के अवैध कारोबार की सच्चाई भी सामने आ सकती है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा शासित राज्यों में कई स्थानों पर नशे के कारोबार को संरक्षण मिलने की शिकायतें सामने आती रही हैं। पूर्व अध्यक्ष कृषक कल्याण बोर्ड सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि प्रदेश में मादक पदार्थों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए और दोषियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण देश में महंगाई लगातार बढ़ रही है, जिससे आम जनता को भारी आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। घरेलू और कमर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में वृद्धि से गरीब, मध्यम वर्ग, किसान, मजदूर और छोटे व्यापारियों का बजट प्रभावित हुआ है।

#### उच्च स्तरीय जांच और दाम वापसी की मांग

कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि दुर्ग जिले में सामने आए अफीम खेती के मामले की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही बढ़ती महंगाई और गैस सिलेंडर के दामों में हुई वृद्धि को तुरंत वापस लेने की मांग भी की गई। प्रेस वार्ता में प्रमुख रूप से कसडोल विधायक संदीप साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष प्रवीण सेन, ग्रामीण अध्यक्ष दीपक साहू, पलारी नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष गौरी भृगु, जनपद सदस्य आर्यन शुक्ला, सुखदेव साहू, गेवेंद्र, संतोष तिवारी, सुभाष राव, नीरज बांधे, जीतेन्द्र नवरत्न, समीर अग्रवाल, पिंटू वर्मा, नेता प्रतिपक्ष सलमान शेख, एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष सूर्यकांत वर्मा, रविंद्र नामदेव, राजेश साहू, रिंकू वर्मा, सुनील कुर्रे, ब्लॉक अध्यक्ष भानु वर्मा, राहुल नेगी, जय सिंह ठाकुर, अजय भारती, शैलेन्द्र ध्रुव, संतोष खिलावन जायसवाल, मनीष साहू, दिलीप सोनी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### 9,450 करोड़ की सड़क परियोजना से विकास को मिलेगी नई गतिः निधि

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ में लोकनिर्माण विभाग के माध्यम से 9, 450 करोड़ की लागत से नई सड़कों के निर्माण और सड़क सुधार कार्यों के लिए किए गए प्रावधान का स्वागत करते हुए समाजसेवी निधि लोकेश चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश में सड़कों के विकास से गांव और शहर के बीच कनेक्टिविटी मजबूत होगी, जिससे आम जनता को आवागमन में सुविधा मिलेगी और व्यापार, शिक्षा तथा स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच और बेहतर होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं हमारे वित्त मंत्री ओपी चौधरी के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में लगातार महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा रहे हैं।

### जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन 9 से

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन एवं आदेशानुसार नीति आयोग, भारत सरकार अंतर्गत संचालित आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के तहत विकासखंड क्षेत्र में आईईसी प्रशिक्षण एवं जन समस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत 09 मार्च से 16 मार्च 2026 तक ग्राम पंचायत सांकरा, भुरकोनी, लाखागढ़ एवं सलडीह में वृहद स्तर पर आईईसी प्रशिक्षण एवं शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों में विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल होकर ग्रामीणों को शासन की योजनाओं की जानकारी देंगे।

## बेसहारा बुजुर्गों का सहारा बना 'वरिष्ठजन सेवा सदन'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

समाज में रह रहे ऐसे बुजुर्ग जिन्हें अपनों ने ही ठुकराया और अपनों का सहारा जिन्हें नसीब न हो पाया उन बुजुर्गों की 'मां' कहलाती है यह 35 साल की युवती। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहीं समाजसेविका श्रीमती उषा साहू की पहल इन दिनों चर्चा में है। इनके द्वारा स्थापित संस्था माता कौशल्या वेलफेयर फाउंडेशन के माध्यम से पिछले एक वर्ष से बजुर्गों के लिए "वरिष्ठजन सेवा सदन" का संचालन शहर के ईमली भाठा में किया जा रहा है। जहाँ बेसहारा और जरूरतमंद बुजुर्गों को भोजन, आवास और स्वास्थ्य सुविधाए और दैनिक गीत संगीत और क्रियाकलापों से मनोरंजन की सुविधा स्वयं सेवा के तहत उपलब्ध कराई जा रही हैं।

#### सेवा के संकल्प से शुरू हुई पहल

समाजसेविका उषा साहू की वर्षों से यह मंशा थी कि समाज के जरूरतमंद बुजुर्गों के लिए एक ऐसा स्थान हो जहाँ उन्हें परिवार जैसा वातावरण मिल सके। इसी उद्देश्य को साकार करने के लिए उन्होंने संस्था का पंजीयन कराया और एक वर्ष पूर्व वरिष्ठजन सेवा सदन की शुरुआत की। पूर्व में भी इन्हें 3 वर्षों तक बुजुर्गों की सेवा का खासा अनुभव रहा है। महिला दिवस के अवसर पर उषा साहू का यह प्रयास समाज के लिए प्रेरणादायक उदाहरण बनकर सामने आया है। उनकी सेवा भावना यह संदेश देती है कि यदि समाज के लोग मिलकर पहल करें तो बेसहारा बुजुर्गों के जीवन में भी खुशियों और सम्मान की नई रोशनी लाई जा सकती है।

## पुलिस ने संदिग्ध को हिरासत में लेकर शांत कराया मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के सरायपाली थाना अंतर्गत ग्राम संतपाली में उस समय हड़कंप मच गया जब ग्रामीणों ने बच्चा चोर होने के संदेह में एक व्यक्ति को बंधक बना लिया। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो और क्षेत्र में फैली अफवाहों के बीच पुलिस ने मोर्चा संभाला और स्थिति को नियंत्रण में लिया। मिली जानकारी के अनुसार, वीरेंद्र यादव नामक एक व्यक्ति ग्राम संतपाली में भीख मांग रहा था और कचरा बीनने का काम कर रहा था। इसी दौरान उसने एक बच्चे से बातचीत की और उसे गोद में लेने का प्रयास किया। इसे देखकर बच्चे के माता-पिता डर गए और उन्होंने शोर मचा दिया। देखते ही देखते पूरे गांव में खबर फैल गई कि बच्चा चोर गांव में घुस आया है। ग्रामीणों ने संदिग्ध व्यक्ति को पकड़कर एक स्थान पर बंधक बना लिया। जब उससे पूछताछ की गई, तो वह लगातार अपने बयान बदल रहा था। उसने कभी खुद को खुसरुपाली का बताया, तो कभी कनकेबा या पतेरापाली का निवासी होने की बात कही। ग्राम सरपंच ललित साहू के अनुसार, जब ग्रामीणों ने उस व्यक्ति के पास मौजूद सामान की तलाशी ली, तो उसमें से एक से अधिक आधार कार्ड और कुछ कपड़े बरामद हुए। कपड़ों पर एक बच्चे का नाम लिखा हुआ था, जिससे ग्रामीणों का संदेह और अधिक गहरा हो गया। तत्काल इसकी सूचना सरायपाली पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और व्यक्ति को अपनी हिरासत में ले लिया।

## पेज 9 के शेष

### दाम वापस ने...

राजेश साहू, रिंकू वर्मा, सुनील कुर्रे, ब्लॉक अध्यक्ष भानु वर्मा, राहुल नेगी, जय सिंह ठाकुर, अजय भारती, शैलेन्द्र ध्रुव, संतोष खिलावन जायसवाल, मनीष साहू, दिलीप सोनी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### महिलाओं का सम्मान...

लाभ लेकर कैसे अपना जीवन बदला, किस प्रकार की व्यवस्था महतारी वंदन की राशि से शुरू किया। उन्होंने कहा हमारी सरकार महिलाओं को सशक्त करने का काम कर रही है चाहे उज्वला गैस,नल जल, स्वच्छता, पक्का घर आदि की सुविधा देने की बात हो। उन्होंने कहा कि माताएं बच्चों को शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार भी दें ताकि वे एक अच्छे नागरिक बने।

### जानलेवा हमला करने

भवन के सामने उन पर हमला किया था। आरोपी मोटरसाइकिल और स्कूटी पर सवार होकर आए थे और लाठी-डंडे, लोहे के रॉड व चाकू से हमला कर प्रार्थी को गंभीर रूप से घायल कर दिया था। पुलिस ने इस मामले में अपराध क्रमांक 1032/2025 के तहत बीएनएस (BNS) की विभिन्न धाराओं (190, 191(2), 191(3), 109(1), 61(2)) के तहत मामला दर्ज किया था।

### नशे में धुत ...

द्वारा वाहन जप्त कर आरोपी चालक गिरजाशंकर कनौजे को हिरासत में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार पलारी से लगभग तीन किलोमीटर आगे रोहासी मार्ग से पलारी आ रही तेज रफ्तार क्रूजर वाहन जिसका चालक शराब के नशे में लापरवाहीपूर्वक वाहन चला रहा था। इसी दौरान पलारी की ओर रोहांसी की जा रही मोटरसाइकिल सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी युवक मोटरसाइकिल सहित वाहन के नीचे आ गया, जिससे पलारी निवासी 30 वर्षीय युवक बलदाऊ पिता कुंजबिहारी मौके पर ही मौत हो गई,पश्चात क्रूज़र चालक ने स्कूटी सवार को टक्कर मारी जिसमें स्कूटी सवार तीनो भाई बहन थे जिसमें छाया कनौजे 20 वर्ष, निखिल कनौजे 26 वर्ष, पल्लवी कनौजे 23 वर्ष पिता मनोहर कनौजे के सिर, हांथ, पैर पर छोटे आई है घायलों को जिला अस्पताल बलौदाबाजार रेफर किया गया है।दुर्घटना के बाद क्रूजर वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में उतर गया।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शराब के नशे में धुत वाहन चला रहे चालक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। घटना के बाद लोगों मे आक्रोश व्याप्त है पलारी क्षेत्र में लगातार चल रही कंडम वाहन में व बिना बॉडी फिटनेस वाहन से ओवरलोड सवारियां ढोई जा रही हैं और लोग लगातार इसका शिकार हो रहे हैं जिस पर सख्त कार्यवाही की आवश्यकता है। मामले में थाना प्रभारी परिवेश तिवारी ने कहा कि आरोपी क्रूज़र चालक को गिरफ्तार किया गया है, मामले में मर्ग इंटिमेशन की प्रक्रिया पूर्ण कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

### विकसित भारत-रोजगार...

का उपयोग करते हुए जल संरक्षण, भू-जल पुनर्भरण, वाटरशेड विकास, सिंचाई, वनीकरण, एवं जल स्त्रोतों के कार्यों को बढ़ावा देना है।विकसित भारत जी राम जी अधिनियम 2025 में जल संरक्षण एवं जल संबंधित कार्यों को बढ़ावा मिलेगा, मूलभूत ग्रामीण अवसरंचना सुदृढ़ होगी, आजीविका के अवसर एवं अनुकूलन क्षमताओ का विकास होगा। मजदूरी रोजगार गारंटी तथा 7 दिवस में मजदूरी भुगतान की गारंटी।तय समय में काम नहीं मिलने पर बेरोजगारी भत्ता का प्रावधान है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
06 मार्च 2026
SHOW TIME
मुरली (सीजी)
शो समय - 12:00, 3:00, 6:00 PM
सुपर हीरोस हिन्दी
शो समय - 12:00, 3:00, 6:00, 9:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप

### सरजू प्रसाद बने जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष

**लवन।** पलारी ब्लाक के ग्राम पहंदा निवासी राज मंहत सरजू प्रसाद घृतलहरे पूर्व प्रदेश महामंत्री किसान कांग्रेस को पार्टी के प्रति



निष्ठा को ध्यान में रखते हुए बलौदाबाजार में किसान कांग्रेस को मजबूत करने के लिए बलौदाबाजार जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी मनोज नचारी एवं राम मनोहर बरुवा प्रदेश प्रभारी के अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा प्रदेश के विभिन्न जिलों में जिला अध्यक्षों की नियुक्ति किया गया है। इसी कड़ी में बलौदाबाजार जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष की जिम्मेदारी सरजू प्रसाद घृतलहरे को दिया गया है। उसकी नियुक्ति पर समर्थकों एवं शुभचिंतकों नेशुभकामनाएं दी।

### जमीन विवाद को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** जमीन विवाद को लेकर मारपीट के एक मामले में सांकरा पुलिस ने दो लोगों के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। पुलिस को प्रार्थिया विनीता भोई पति अजय भोई (28 साल) निवासी सलडीह ने बताया कि चार मार्च की दोपहर करीबन 01 बजे वह अपने पति अजय भोई के साथ मायके गई थी, जहां देखा कि पिता सुरेंद्र भोई घर के आंगन में गिरे पडे थे, उनके दाहिने पैर में गंभीर चोट लगी थी। पूछने पर पिता ने बताया कि चार मार्च के करीबन 12 बजे तुरन भोई एवं उसके पुत्र नीलांबर भोई घर के अंदर आकर जमीन संबंधी पुरानी बात को लेकर गाली गलौज करते हुए अपने हाथ में रखे डंडा से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 333, 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### प्रताप सिंह अध्यक्ष व देवानंद सेन सचिव बने

**नगरी।** श्रीवास सेन समाज क्षेत्र नगरी-सिहावा अंतर्गत उपक्षेत्र कांकेर, बस्तर, बिंद्रानवागढ़ एवं रायघर की महासभा का आयोजन ग्राम हरदीभाट स्थित सामाजिक भवन में हुई। पदाधिकारियों ने समाज के विकास और संगठन को मजबूत बनाने पर अपने विचार रखे। सचिव द्वारा समाज की आय-व्यय का विस्तृत ब्योरा प्रस्तुत किया गया। पिछली कार्यकारिणी का कार्यकाल पूर्ण होने के बाद उसे भंग करते हुए सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। अध्यक्ष प्रताप सिंह सुरेशा (बिरनपुर), उपाध्यक्ष कृष्णा सेन (धनोरा), सचिव देवानंद सेन (देवपुर), कोषाध्यक्ष विष्णु सेन, संरक्षक मंडल भानेंद्र सिंह सुरेशा (बिरनपुर), उदयलाल सेन (राजपुर), संगठन मंत्री धर्मेंद्र सेन (बोराई) बनाए गए।

निर्णय समिति सदस्य भगवान सिंह सेन (डोंगरडुला), हेमलाल सेन (संबलपुर), योगेंद्र सेन (फरसिया), कोमल सेन (सामतरा), बनवाली सेन (नगरी), विजय सेन (उमरगांव), चैतुराम सेन (दुगली), तकेश सेन (सिहावा) एवं निर्भय सुरेशा (हरदीभाटा) चुने गए।

## निधन

### झुनिया बाई श्रीवास

**सिमगा।** झुनिया बाई श्रीवास पति



स्व. हरखराम श्रीवास सेवानिवृत्त शिक्षक उम्र 83 वर्ष का निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार कार्यक्रम उनके गृह ग्राम ओटगन में किया गया। वे श्याम श्रीवास एवं हरिभूमि के पत्रकार राकेश श्रीवास की माता थी। उनकी अंतिम यात्रा में गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

---

### महिला दिवस : महिलाओं के सशक्त हुए बिना किसी भी समाज का समग्र विकास संभव नहीं

# नारी शक्ति समाज की सबसे बड़ी शक्ति है : नपा अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर ग्राम सिंगारपुर में महिला जागृति शिविर एवं महतारी वंदन सम्मेलन के आयोजन में नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा शामिल हुए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्र की महिलाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि नारी शक्ति समाज की सबसे बड़ी शक्ति है और महिलाओं के सशक्त हुए बिना किसी भी समाज का समग्र विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता का परिचय दे रही हैं तथा देश और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस केवल उत्सव का दिन नहीं, बल्कि महिलाओं के सम्मान, अधिकार और सशक्तिकरण के संकल्प को और मजबूत करने का अवसर है।

कार्यक्रम के अंत में महिलाओं को महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वावलंबन के लिए प्रेरित किया गया तथा महिला दिवस के अवसर पर सभी महिलाओं को शुभकामनाएं दी गईं।



### महिला दिवस पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान

**लवन।** स्थानीय स्वामी आत्मानंद विद्यालय लवन में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च रविवार को



आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ को प्रोत्साहित एवं महिला शसक्तीकरण की सुदृढ़ ता के लिए महिला दिवस का भव्य आयोजन किये गए थे।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर अध्यक्ष शिवमंगल सिंह चौहान, अध्यक्षता चंद्रहास साहू परियोजना अधिकारी लवन, विशिष्ट अतिथियों में नगर उपाध्यक्ष नरेन्द्र साहू, जनपद सदस्य छम्मन विजय यदु, भाजपा जिला महामंत्री विजय यदु, प्रदेश मीडिया प्रभारी मछुआरा प्रकोष्ठ भाजपा गोलू कैवर्त्य, पार्षद प्रकाश ताम्रकार, पार्षद आयोध्या जायसवाल, पार्षद हर प्रसाद बार्वे, पार्षद येशुदास निराला, पार्षद नंदू वर्मा सहित तमाम अतिथियों की उपस्थिति रहा। लवन परियोजना अधिकारी कार्यालय से सम्बद्ध सेक्टर लवन, सरखोर, अहिल्दा, मुंडा , मरदा, लाहोद, सेक्टर अंतर्गत ग्रामों में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं की उपस्थिति रहा। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग पर्यवेक्षको में शांति पटेल, प्रमिला पटेल, सावित्री शर्मा, देवकी साहू,सहित पर्यवेक्षक लहरे मैडम भी उपस्थित रही।

## सुआ नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से नारी शक्ति का सम्मान

**हिरमी रावन।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अल्ट्राटेक ग्रामीण विकास विभाग द्वारा महिलाओं के सम्मान में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सीएसआर कार्यकर्ता पूर्व जनपद सदस्य हिरमी तारनी राजपूत के स्वागत उद्बोधन से हुई। इस अवसर पर महिलाओं द्वारा सुआ नृत्य, रिकॉर्डिंग डांस, कविता एवं भाषण की आकर्षक प्रस्तुति दी गईं।

कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी बहन नमिता ने अपने उद्बोधन में महिलाओं को उनके अधिकारों, स्वास्थ्य, शिक्षा और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। जनपद सदस्य उमा अनंत ने उपस्थित महिलाओं को महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य एवं स्वावलंबन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दीं। वहीं डॉ. रुचिका सुखवाल ने महिला सशक्तिकरण में स्वास्थ्य की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक स्वस्थ महिला ही सशक्त समाज का निर्माण कर सकती है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सकलोर के सरपंच ममता वेद प्रकाश वर्मा ने कहा कि समाज के निर्माण और विकास में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। महिलाओं के बिना समाज का समग्र विकास संभव नहीं है, इसलिए उन्हें सम्मान, समान अवसर और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित करना आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। उपस्थित महिलाओं ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ता है और उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं, पंचायत प्रतिनिधि, ब्रह्माकुमारी संस्थान की बहनें एवं अल्ट्राटेक संयंत्र की महिला कर्मचारी उपस्थित रहीं।



## महिला दिवस पर याद की गईं सावित्रीबाई फुले

**बिलाईगढ़।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर छुईहा रानीगढ़ में सावित्री बाई फुले को श्रद्धापूर्वक याद किया गया। इस अवसर पर



सावित्री बाई फुले महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं ने एकत्र होकर सर्वप्रथम भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में महिलाओं ने सावित्रीबाई फुले के जीवन और उनके द्वारा किए गए महिला शिक्षा और समाज सुधार के कार्यों को याद करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से ही आज महिलाओं को शिक्षा और समाज में आगे बढ़ने का अवसर मिला है। उन्होंने महिलाओं को शिक्षा, आत्मनिर्भरता और सामाजिक जागरूकता के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर समूह की अध्यक्ष रुसबाई जांगड़े, सचिव रूबीना टंडन सहित मीना टंडन, रंभा टंडन, रवीना टंडन, अंबिका टंडन, नेहा टंडन, रेशमी टण्डन, मन्नू कैवर्त, ऊर्जस्वी जांगड़े तथा अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में सभी ने महिलाओं के सम्मान, समानता और सशक्तिकरण के लिए मिलकर कार्य करने का संदेश दिया।

## महतारी वंदन सम्मेलन में नारी शक्ति का सम्मान

**हथबंद।** सिमगा विकासखंड के ग्राम पंचायत हथबंद में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में महिला जागृति शिविर एवं महतारी वंदन सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं एवं ग्रामीणजन शामिल हुए और नारी शक्ति का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत सिमगा के अध्यक्ष डॉ. दौलतराम पाल उपस्थित रहे। उनके साथ जिला पंचायत सभापति ईशान वैष्णव, जिला पंचायत सभापति दीप्ति गोविंद वर्मा, शशि आनंद बंजारे, जनपद सभापति चंद्रप्रकाश टोंडे, जनपद सदस्य खोमलाल साहू, उमा अनंत, सरपंच ढालेश्वरी नरेश अनंत, पुर्व सरपंच विद्या वर्मा,डोमार मारकंडे, मूलचंद टंडन, हरीश



वैष्णव सहित कई जनप्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने कार्यक्रम में शामिल होकर नारी शक्ति को नमन एवं वंदन किया। अपने संबोधन में अतिथियों ने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण ही एक मजबूत और विकसित राष्ट्र की आधारशिला है। आज महिलाएं शिक्षा, राजनीति, प्रशासन, खेल और सामाजिक क्षेत्रों में आगे बढ़कर देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं, ग्रामीणजन एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाया।

## महिलाओं को दी गई न्याय की जानकारी

**खरोरा।** साक्षरता शिविर का आयोजन अध्यक्ष/जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर के निर्देशानुसार तथा माननीय सचिव महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर के मार्गदर्शन में आज दिनांक 8 मार्च अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर द्वारा विशेष विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन नवागांव खरोरा में महिला स्व -सहायता समूह के सदस्यों के बीच किया गया। शिविर के माध्यम से पैरालीगल वालिंटियर शंकर लाल साहू द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। जिसमें प्रमुख रूप से नालसा निशुल्क विधिक सलाह व सहायता योजना, नालसा संवाद योजना 2025, नालसा डान योजना ड्रग्स फ्री इंडिया 2025, नालसा ग़रीबी उन्मूलन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन 2015, आपदा पीड़ितों के लिए विधिक सेवाएं 2010, नालसा जागृति योजना 2025, आशा योजना बाल विवाह मुक्त भारत 2025, नालसा तस्करी व वाणिज्यिक यौन शोषण से पीड़ित व्यक्तियों के लिए विधिक सेवाएं 2015, नालसा एसिड अटैक से पीड़ित व्यक्तियों के लिए विधिक सेवाएं 2016, नालसा मानसिक अस्वस्थता तथा मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए विधिक सेवाएं 2015, महिला हेल्पलाइन नंबर



1091,181, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100, छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर सालसा टोल फ्री नंबर 18002332528, महिला अधिकार, घरेलू हिंसा, वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवाएं 2016, हेल्पलाइन नंबर 14567, के संबंध में प्रचार प्रसार किया गया। साथ ही साथ 14 मार्च शनिवार 2026, को आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत, के संबंध में जानकारी दी गई। स्थायी लोक अदालत, जनोपयोगी लोक अदालत, प्रीलिटीगेशन के संबंध में भी प्रचार प्रसार किया गया, न्याय सबके लिए

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रियंका बंजारे सम्मानित

**गिधौरी।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय कसडोल द्वारा नगर पंचायत टुण्डरा के केंद्र क्रमांक 03 के आंगनवाड़ी कार्यकर्ता प्रियंका बंजारे को उत्कृष्ट कार्य के लिए महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी कसडोल द्वारा प्रशस्ति पत्र



देकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई । इस दौरान मुख्य रूप से कसडोल परियोजना अधिकारी विकास सिंह, कसडोल नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू, मुनिया वर्मा सुपरवाइजर सहित अन्य लोग भारी संख्या में उपस्थित रहे।

---

## स्कूलों के पास तंबाकू बेचने वाले दुकानदारों से वसूला जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

शासन के निर्देशानुसार जिले में तंबाकू नियंत्रण को प्रभावी बनाने हेतु कोटपा एक्ट के अंतर्गत नगर पंचायत खरोरा द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत स्कूलों एवं शैक्षणिक संस्थानों के आसपास तंबाकू उत्पादों की बिक्री करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध जांच एवं कार्रवाई की गई।



अभियान के दौरान नगर पंचायत की टीम द्वारा विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया गया, जिसमें कुछ दुकानदारों द्वारा स्कूलों के आसपास तंबाकू उत्पादों की बिक्री करते हुए पाया गया, जो कि कोटपा एक्ट के प्रावधानों का उल्लंघन है। उक्त उल्लंघन पाए जाने पर कुल 08 दुकानों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कुल 500 रुपये का चालान काटा गया तथा संबंधित दुकानदारों को भविष्य में स्कूलों के आसपास तंबाकू उत्पादों की बिक्री नहीं करने के संबंध में चेतावनी भी दी गई। नगर पंचायत खरोरा द्वारा नागरिकों एवं व्यापारियों से अपील की गई है कि वे तंबाकू नियंत्रण संबंधी नियमों का पालन करें तथा विशेष रूप से स्कूलों एवं शैक्षणिक संस्थानों के आसपास तंबाकू उत्पादों की बिक्री न करें। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर आगे भी इसी प्रकार की कार्रवाई की जाती रहेगी।

## गैस सिलेंडर के दाम बढ़े महिला कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में 60 रुपये वृद्धि किए जाने के विरोध में महिला कांग्रेस ने कांग्रेस भवन के पास इस वृद्धि का विरोध प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्का लांबा के आदेशानुसार एवं प्रदेश अध्यक्ष फूलोदेवी नेताम प्रदेश प्रभारी गुंजन सिंह एवं आल इंडिया महिला कांग्रेस की सचिव सुमित्रा मिश्रा के निर्देश पर विधायक इन्द्र साव, ज़िला अध्यक्ष गौरी भृगु महिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में ब्लॉक अध्यक्ष शहर दिवाकर मिश्रा, महिला ब्लॉक अध्यक्ष बिमलेश्वरी ध्रुव, पूर्णिमा श्रीवास, दानी भाट, लक्ष्मी ढीमर, सरस्वती, कुमारी, सीता साहु, रजनी, मीरा, शकुन, मोहन कुर्रे, रोहित साहु, ईश्वर सेन, गिरीराज, मोहन निषाद आदि शामिल हुए।

### पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी से क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम

# मुंडा क्षेत्र के गांवों में शांतिपूर्ण ढंग से मनाई गई होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

ग्रामीण अंचलों के मुंडा, कोलिहा, सर्वाडीह, ढनढनी, जुड़ा, बरदा, कुम्हारी, कैलाशगढ़, धाराशिव, पैंजनी, जामडीह, लाहोद, कोनारी, लच्छनपुर, भालूकोना, कोहरौद, कोरदा, मल्लीन मोहतरा तथा अन्य गांवों में 04 मार्च दिन बुधवार को रंगों का त्यौहार होली का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। होलिका दहन के दूसरे दिन लोग होली के रंग में डूबे रहे और एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई दे रहे थे। खास बात यह है कि इस साल चंद्र ग्रहण के कारण होलिका दहन और होली के बीच एक दिन का अंतर रहा। उसके बावजूद लोग होली के पर्व को अति उत्साह के साथ मनाया गया ।क्या अमीर क्या गरीब सभी



एक ही रंग में नजर आ रहे थे। हर समाज व उम्र के लोग मस्ती की रंग में रंग गए। एक दूसरे को रंग गुलाल लगाया प्रेम और भाईचारे के साथ होली खेली व शुभकामनाएं दी। फाल्गुन माह की पूर्णिमा को मनाए जाने वाले इस त्यौहार पर शहर से लेकर ग्रामीण अंचल के गली मोहल्ले चौक चौराहा में बुरा न मानो होली है की गुंज सुनाई देती रही। सभी लोग टोलिया बनाकर सड़कों पर रंग लेकर एक दूसरे को रंगते नजर आए इसके साथ ही ढोल नगाड़ा की धुनों पर नाचते लोग अपने अपने तरीके से होली का जश्न मनाते रहे। रंगों का त्योहार होली पर क्या बच्चे और जवान सभी एक ही रंग में नजर आ रहे थे। भाईचारे के प्रतीक होली पर गिले शिकवे भुलाकर लोगों ने एक दूसरों को गुलाल लगाकर अपनी खुशी का इजहार किया। लोग मीठे पकवानों का आनंद उठा रहे थे तो वही पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी से लवन क्षेत्र में कहीं भी कोई अप्रिय घटना नहीं घटी। लवन थाना से चार पेट्रोलिंग पार्टी सुबह से लेकर देर रात तक थाना क्षेत्र के गांव में पेट्रोलिंग करते रहे। जिसकी कमान थाना प्रभारी शशांक सिंह उप निरीक्षक जगसिंह ठाकुर और सहायक उपनिरीक्षक मोहित मलिक संभाले हुए थे। वही सोमवार की रात होलिका दहन के बाद से ही लोग होली के रंग में रंगने लगे थे। इस बार होलिका दहन 2 मार्च को हुआ और एक दिन के अंतर के बाद 04 मार्च बुधवार रात्रि तक लोग होली की मस्ती में डूबे रहे।

